# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2022-23

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय
देहरी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022–23

## वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### 1. महाविद्यालय परिचय

सन् 1971 ई0 में नूरपुर रियासत के प्रतापी वंशज देशभक्त एवं स्वतंत्रता सेनानी वीर शिरोमणि वजीर राम सिंह पठानिया की स्मृति में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी का निर्माण हुआ। स्थानीय विधायक कामरेड रामचंद्र व प्रशासनिक अधिकारी स्वर्गीय श्री ज्ञान सिंह पठानिया के अथक प्रयासों ने शिक्षा रूपी ज्योति इस इलाके की देहरी पर प्रज्वलित की। स्थानीय निवासियों के आर्थिक सहयोग व खेहर पंचायत के अविस्मरणीय सहयोग (200 कनाल भूमि का दान) ने महाविद्यालय निर्माण के स्वप्न को एक आधार भूमि प्रदान की तथा सन् 1971 में बाथू मंदिर के महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी द्वारा महाविद्यालय भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई।

आरंभ में महाविद्यालय में कला संकाय के विषयों की शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध थी। सन् 1981 ई0 में यहां वाणिज्य विषय की शिक्षा आरंभ हुई। तत्पश्चात् अप्रैल 1984 में स्थानीय जनता, विद्यार्थियों, स्थानीय व क्षेत्रीय नेताओं के अथक प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय का सरकारीकरण आरंभ हुआ। तब से आज तक न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों की संख्या में इज़ाफा हुआ है, अपितु यह महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति करता आया है। यह महाविद्यालय न केवल फतेहपुर, ज्वाली, नूरपुर, इंदौरा एवं गुलेर इन पांच क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बल्कि पंजाब प्रांत के पठानकोट के विद्यार्थियों को भी अल्प खर्च में शिक्षा उपलब्ध करवाने में वरदान सिद्ध हुआ।

महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर भी शिक्षा उपलब्ध है। सरकार एवं स्थानीय राज–नेताओं के समक्ष की गई मांग व महाविद्यालयी स्टाफ के प्रयासों के फलस्वरूप, महाविद्यालय में सन् 2012 में गणित एवं अर्थशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर की कक्षाएं आरंभ हुई। वर्ष 2021 से महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान की स्नातकोत्तर की कक्षायें प्रारम्भ हो गई हैं। इस वर्ष 30 विद्यार्थियों ने इसमें दाखिला लिया है। इसमें 27 छात्रायें व 03 छात्र हैं।

विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय में परीक्षा केन्द्र भी उपलब्ध करवाया गया है। हिमाचल प्रदेश सरकार की नई रूसा नीति के तहत महाविद्यालय में सी.बी.सी.एस. (च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) परीक्षा प्रणाली को स्नातक स्तर पर शामिल किया गया है। महाविद्यालय में छात्राओं की अधिकाधिक संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि महाविद्यालय कन्या–शिक्षा का महत्वपूर्ण केन्द्र है।

वर्तमान में महाविद्यालय की तुलना यदि हम नए उभरते हुए शिक्षण संस्थानों से करें तो यह महाविद्यालय अभी आधारभूत ढांचागत सुविधाओं से वंचित है। बावजूद इसके महाविद्यालय अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटा। क्योंकि प्रगति ही जीवन की वास्तविक पहचान है। इसी के क्रमिक विकास द्वारा गुणात्मक परिवर्तन का बोध होता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति ही नहीं पूरे संस्थान का दायित्व बन जाता है कि वह अपने क्रमिक विकास के एक सुनिश्चित मोड़ पर अपना मूल्यांकन करे। इस तटस्थ मूल्यांकन से जहां प्रगति की पहचान होती है, वहीं भविष्य की बेहतर संभावनाएं भी दृष्टिगोचर होती हैं, जिन पर सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ा जा सकता है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज राजकीय महाविद्यालय देहरी के सत्र 2022–23 की उपलब्धियों और सम्भावनाओं को वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में आज गणमान्य लोगों के बीच में रखने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

महोदय, मैं आपके समक्ष महाविद्यालय में आयोजित सत्र 2022–23 की विभिन्न वार्षिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत कर रही हूँ।

**अध्यापक वर्ग**

1. कुल पद – 45
2. कार्यरत – 20
   - (क) रेगुलर – 17
   - (ख) कॉन्ट्रैक्ट – 03
   - (ग) पी.टी.ए. लोकल – 02 रिक्त पद – 25

**गैर शिक्षक वर्ग**

कुल पद – 21

कार्यरत – 11 रिक्त पद – 10

अधीक्षक – 01 (रिक्त)

वरिष्ठ सहायक – 01 (रिक्त) क्लर्क – 01

कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक – 01, 02 (रिक्त)

पुस्तकालय अध्यक्ष – 01

वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक – 02 रिक्त – 01

तबला वादक – 01

चपरासी – 09

(क) **महाविद्यालय से स्थानांतरित –**

प्रो. अनिल कुमार (संस्कृत) राजकीय महाविद्यालय, कोटशेरा हेतु।

प्रो. अक्षय कुमार (भौतिक विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, इन्दौरा हेतु।

प्रो. संजय सिंह पठानिया (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, धर्मशाला हेतु।

प्रो. भावना (अंग्रेजी) राजकीय महाविद्यालय, सुग भटोली हेतु।

प्रो. अश्वनी अवस्थी (शारीरिक शिक्षा विभाग) राजकीय महाविद्यालय, इन्दौरा हेतु।

प्रो. रीमा कुमारी (अंग्रेजी) राजकीय महाविद्यालय, नूरपुर हेतु।

प्रो. बृजेन्द्र भूषण (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, लंज हेतु।

प्रो. विनीत कमल (पर्यटन विभाग) राजकीय महाविद्यालय, हरीपुर मनाली हेतु।

प्रो. सुधीर नेगी (पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग) राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला हेतु।

(ख) **महाविद्यालय में स्थानांतरित –**

प्रो. मनजीत (अंग्रेजी) राजकीय महाविद्यालय, नूरपुर से।

प्रो. नेहा मिश्रा (हिंदी) राजकीय महाविद्यालय, पौन्टा साहिब से।

प्रो. राहुल कौंडल (पर्यटन विभाग) नवनियुक्त।

प्रो. दविंदर कुमार (शारीरिक विभाग) नवनियुक्त।

(ग) रमेश कुमार, S.L.A.

शिव कुमार, J.L.A.

**विद्यार्थी संख्या विवरण :**

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में कुल 2150 विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिनमें छात्र व छात्राओं की संख्या का विवरण इस प्रकार है :

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल विद्यार्थी |
|---|---|---|---|
| प्रथम वर्ष | | | |
| बी.ए. | 109 | 254 | 363 |
| बी.एस.सी. | 112 | 190 | 302 |
| बी.कॉम | 31 | 53 | 84 |
| दुवितीय वर्ष | | | |
| बी.ए. | 74 | 221 | 295 |
| बी.एस.सी. | 84 | 188 | 272 |
| बी.कॉम | 21 | 43 | 64 |
| तृतीय वर्ष | | | |
| बी.ए. | 47 | 178 | 225 |
| बी.एस.सी. | 94 | 217 | 311 |
| बी.कॉम | 20 | 42 | 62 |
| एम.ए. प्रथम सत्र – स्नातकोत्तर | | | |
| अर्थशास्त्र | 01 | 06 | 07 |
| गणित | 04 | 36 | 40 |
| भौतिक विज्ञान | 09 | 21 | 30 |
| तृतीय सत्र – स्नातकोत्तर | | | |
| अर्थशास्त्र | 03 | 24 | 27 |
| गणित | 04 | 33 | 37 |
| भौतिक विज्ञान | 04 | 27 | 31 |

कुल विद्यार्थी = 2150

4. छात्रवृत्तियां –

शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली वार्षिक छात्रवृत्तियों के लिए सत्र 2022–23 के मांगपत्र का विवरण इस प्रकार से है –

| योजना | संस्थान द्वारा सत्यापित छात्रों की संख्या | |
|---|---|---|
| | ताजा | नवीनीकरण |
| ओबीसी छात्रों के लिए पीएम यशस्वी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हिमाचल प्रदेश | 12 | 02 |
| कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की केन्द्रीय क्षेत्र योजना | 56 | 24 |
| अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केन्द्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना–हिमाचल प्रदेश | 08 | 01 |
| कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना–हिमाचल प्रदेश | 17 | 06 |
| आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए पीएम यशस्वी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति–हिमाचल प्रदेश | 01 | 00 |
| मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना–हिमाचल प्रदेश | 00 | 02 |
| अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना–हिमाचल प्रदेश | 00 | 01 |
| कुल = | 94 | 36 |

सत्रीय परीक्षा परिणाम :

| कक्षा | कुल | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण | परिणाम प्रतिशत महाविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| बी.ए. प्रथम वर्ष | 350 | 182 | 168 | 52% |
| बी.ए. द्वितीय वर्ष | 257 | 195 | 62 | 75.8% |
| बी.ए. तृतीय वर्ष | 390 | 316 | 74 | 81% |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 97 | 51 | 46 | 52.5% |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 69 | 60 | 09 | 86% |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 144 | 125 | 19 | 86.8% |
| बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | 352 | 73 | 279 | 28% |
| बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष | 341 | 131 | 210 | 29% |
| बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | 532 | 249 | 283 | 46.80% |
| एम.ए. अर्थशास्त्र | | | | |
| द्वितीय सत्र | 25 | 23 | – | 92% |
| चौथा सत्र | 09 | 09 | – | 100% |
| एम.एस.सी. गणित | | | | |
| द्वितीय सत्र | 37 | 10 | – | 27.02% |
| चौथा सत्र | 37 | 06 | – | 16.21% |

6. **शैक्षणिक भ्रमण** : वनस्पति विज्ञान एवं जंतु विज्ञान विभाग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने दिनांक 12.09.2022 को ज्वाली स्थित 'मशरूम उत्पादन केन्द्र' का भ्रमण किया और मशरूम उत्पादन के बारे में जानकारी हासिल की।

7. **क्रीडा क्षेत्र** : महाविद्यालय में 27 दिसम्बर 2022 को वार्षिक ऐथलेटिक मीट का आयोजन किया गया।

'वार्षिक एथलेटिक मीट' समारोह के मुख्यअतिथि प्रो. श्री बी.के. शर्मा जी सेवानिवृत्त आचार्य रहे।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इस एथलेटिक मीट में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, ऊँची कूद, लम्बी कूद, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक व शॉट पुट, ट्रैक एंड फील्ड आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

मुख्य अतिथि जी का स्वागत डॉ. कामांक्षी लुम्बा, प्राचार्या व समस्त महाविद्यालय स्टाफ के द्वारा किया गया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय 'अम्ब ऊना' में आयोजित अन्तर महाविद्यालय वेट लिफटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16.12.2022 से लेकर 19.12.2022 तक हुआ उसमें महाविद्यालय का प्रदर्शन बहुत ही उत्कृष्ट रहा। निम्न खिलाड़ियों ने पदक हासिल किये :

| क्रम सं0 | नाम | कक्षा | पदक | वजन / भार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहित सिंह | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 81 कि.ग्रा. |
| 2. | मोनिका शर्मा | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 49 कि.ग्रा. |
| 3. | सोनाक्षी | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 81 कि.ग्रा. |
| 4. | श्रेया | बी. कॉम द्वितीय वर्ष | कॉस्य पदक | 64 कि.ग्रा. |
| 5. | सोनाली | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | रजत पदक | 87 कि.ग्रा. |

अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा (कांगड़ा) में 'वेट लिफटिंग' ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाडियों ने बहुत ही उम्दा प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किये जो इस प्रकार हैं :–

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | पदक | वजन / भार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहित सिंह | बी.ए. प्रथम वर्ष | स्वर्ण पदक | 81 कि.ग्रा. |
| 2. | रितीका राना | एम.ए. द्वितीय वर्ष | रजत पदक | 55 कि.ग्रा. |
| 3. | सोनाक्षी | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 81 कि.ग्रा. |
| 4. | मोनिका | बी.ए. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 49 कि.ग्रा. |
| 5. | शिवानी | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | कॉस्य पदक | 64 कि.ग्रा. |
| 6. | गोपाल दास | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | रजत पदक | 61 कि.ग्रा. |
| 7. | अभय | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | कॉस्य पदक | 55 कि.ग्रा. |
| 8. | प्रीती मनकोटिया | बी.एस.सी. तृतीय वर्ष | कॉस्य पदक | 45 कि.ग्रा. |

महाविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में आयोजित इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन दिनाँक 18.09.2022 से लेकर 20.09.2022 तक किया गया इसमें महाविद्यालय के खिलाड़ियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा :–

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | पदक | वजन / भार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रितिका | बी.ए. द्वितीय वर्ष | स्वर्ण पदक | 73 कि.ग्रा. |
| 2. | राहुल चौधरी | बी.ए. द्वितीय वर्ष | कॉस्य पदक | 80 कि.ग्रा. |
| 3. | पीयूष भारती | बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष | रजत पदक | 63 कि.ग्रा. |

दिनाँक 20.02.2023 से लेकर 21.02.2023 तक ओपन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन धर्मशाला (कांगड़ा) में हुआ इसमें विद्यालय का प्रदर्शन इस प्रकार रहा :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रितिका | बी.ए. द्वितीय वर्ष | स्वर्ण पदक | 73 कि.ग्रा. |
| 2. | सक्षम | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | कॉस्य पदक | 54 कि.ग्रा. |

दिनांक 07.10.2022 से लेकर 09.10.2022 तक इन्टर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नूरपुर (कांगड़ा) में किया गया इसमें महाविद्यालय की एक छात्रा ने पदक प्राप्त किया:–

| नाम | कक्षा | पदक | भार |
|---|---|---|---|
| पूनम | बी.ए. प्रथम वर्ष | कॉस्य पदक | 55 कि.ग्रा. |

दिनांक 27.12.2022 को वजीर राम सिंह पठानिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देहरी में आयोजित वार्षिक एथलेटिक मीट का जो आयोजन हुआ इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों का प्रदर्शन बहुत ही उत्कृष्ट स्तर का रहा और उन्हें बेस्ट एथलीट चुना गया।

1. हरविन्दर सन्धु, बी.ए. द्वितीय वर्ष (बेस्ट एथलीट पुरुष वर्ग)
2. शिखा देवी, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (बेस्ट एथलीट महिला वर्ग)

**साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्लब**

इस क्लब की संयोजिका डॉ. दीपशिखा है तथा सदस्य डॉ. नेहा मिश्रा, डॉ. नीलम, सहायक आचार्य, श्री विपन और श्री राकेश कुमार हैं।

इस सत्र में क्लब द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई ।

1. दिनांक 15 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 'डिजिटल दुनिया में हिंदी भाषा' विषय पर ऑनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित श्री बालेन्दु शर्मा दाधीच ने डिजिटल दुनिया में हिन्दी की भूमिका बताते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कम्प्यूटिंग, कोर्टाना, ट्रांसलेट, डेटा–एनालिसिस के साथ–साथ विभिन्न टाइपिंग पद्धतियों से हिंदी विभाग के विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

2. दिनांक 19 सितम्बर 2022 को हिंदी विभाग दवारा 'डिजिटल दुनिया में हिंदी भाषा' विषय पर आधारित हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रथम स्थान हिंदी विभाग की छात्रा श्वेता शर्मा, आकांक्षा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा सुजाता शर्मा व प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3. दिनांक 30 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय के हिंदी व अंग्रेज़ी विभाग दवारा अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस के अवसर पर 'ए वर्ल्ड विदाउट वैरियर' थीम पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4. राज्य कर तथा वित्त विभाग जिला नूरपुर के दवारा दिनांक 07 दिसम्बर 2022 को 'Impact of GST on Indian Economy Policy and Society' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भूगोल विभाग के विद्यार्थी उदय प्रताप सिंह पठानिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भौतिक विभाग की छात्रा मीनाक्षी ने भी भाग लिया।

5. दिनांक 20 फरवरी 2022 को कांगड़ा कला संगम के सहयोग से महाविद्यालय में साहित्यिक सृजन प्रयोगशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी. एम. फतेहपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी करीना, श्वेता शर्मा, जागृति शर्मा साहित्यिक गतिविधियों में भाग लिया तथा मीनाक्षी, अक्षिता, शबनम, शिवानी, प्रीति, पल्लवी व पूजा ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।

**सांस्कृतिक समिति :–**

सत्र 2022–23 में सांस्कृतिक समिति की संयोजक सहायक आचार्या (हिन्दी) डॉ. नेहा मिश्रा हैं तथा समिति सदस्य के रूप में श्रीमती सुमनलता सहायक आचार्या (भौतिक विज्ञान),

श्रीमती मंजू सहायक आचार्या (अर्थ शास्त्र), श्री शिवाल सिंह सहायक आचार्य अर्थशास्त्र, श्रीमती भवनिका सहायक आचार्या (वाणिज्य), डॉ. नीलम कुमारी सहायक आचार्या (राजनीतिक विज्ञान) तथा श्री राकेश कुमार सहायक आचार्य (संगीत) कार्य कर रहे हैं।

दिनांक 19 सितम्बर से 21 सितम्बर 2022 तक आर.के.एम.वी. शिमला में आयोजित वार्षिक युवा महोत्सव ग्रुप 1 की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वाद–विवाद प्रतियोगिता में सरित पठानिया व सूर्यांश चौधरी, भाषण प्रतियोगिता (इलोक्यूशन) में उदय प्रताप सिंह पठानिया, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में करीना, ईशा, नीरज कुमार, कोलाज प्रतियोगिता में शिवांशु वर्मा, स्पॉट पेंटिंग में गौरव शर्मा, पोस्टर मेकिंग में निकिता शर्मा, क्ले मॉडलिंग में श्वेता कटोच व कार्टूनिंग में रोहित शर्मा ने भाग लिया।

**प्राध्यापक–वर्ग की उपलब्धियाँ –**

**डॉ. कामाक्षी लुम्बा, सह–आचार्या (रसायन विज्ञान) :**

इग्नू नई दिल्ली द्वारा 27 अक्टूबर 2022 से 05 नवंबर, 2022 तक 'विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिए एनईपी–2020' के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम मे भाग लिया।

**डॉ. राकेश कुमार, सह आचार्य (वनस्पति विज्ञान) :**

(क) 14–16 अक्टूबर, 2022 को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित XLV अखिल भारतीय वानस्पतिक सम्मेलन के दौरान 14.10.2022 को इंडियन बॉटनिकल सोसाइटी के फेलो के रूप में चुने गए।

(ख) इग्नू नई दिल्ली द्वारा 01.09.2020 में आयोजित एक सप्ताह (9–15 सितंबर, 2022) के ऑनलाइन "विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के लिये एनईपी–2020 के कार्यान्वयन पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम" में भाग लिया।

(ग) "पर्यावरण विज्ञान" में टीचिंग लर्निंग सेंटर और पर्यावरण अध्ययन विभाग, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन दो सप्ताह (28.12.2022 से 11.01.2023) के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

(घ) हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर राष्ट्रीय सम्मेलन' में Role of Algae in Environmental Conservation and Sustainable Development' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(ङ) The Journal of the Indian Botanical Society में 'Validation of Bacopa monnieri as a nootropic drug: analysis of the existing preclinical and clinical data' नामक एक शोध पत्र प्रकाशित किया।

**सहायक आचार्य मनजीत सिंह (अंग्रेजी विभाग) :**

(क) सहायक आचार्य मनजीत सिंह ने दिनांक 04–10 जून 2022 को साप्ताहिक संकाय संवर्धन कार्यक्रम 'शैक्षणिक शोध लेखन', विषय पर अध्यापन ज्ञान केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से पूर्ण किया।

(ख) कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स "Indian Literature and Languages", 30.08.2022 से 12.09.2022 में भाग लिया।

(ग) दिनांक 24 सितंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Climate Crisis in Amitav Ghosh's Fiction" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(घ) 14 अक्तूबर, 2022 को अभियांत्रिकी एवं प्रबंधन विश्वविद्यालय जयपुर, राजस्थान द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (ICAELS-2022) में "Cultural Plurality in Amitav Ghosh's Select Fiction" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(च) शिक्षण एवं अध्ययन केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण' पर आयोजित दो साप्ताहिक रिफ्रेशर कोर्स (28 दिसम्बर 2022 से 11 जनवरी 2023) में भाग लिया।

(छ) UGC Care listed अन्तर्राष्ट्रीय द्विभाषिक शोध जनरल Atishay Kalit में "Journey through the Lenses of Two Concentric Circles in Amitav Ghosh's Gun Island" विषय पर शोध पत्र प्रकाशित किया।

(ज) जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के संकाय संवर्धन कार्यक्रम

"Development of Leadership Skills among Future Academic Leaders" 20 फरवरी से 24 फरवरी 2023, में भाग लिया।

**डॉ. शशि कुमार (सहायक आचार्य) :**

(क) दिनांक 04–10 जून 2022 को एक साप्ताहिक एफ0डी0पी0 (FDP) शैक्षणिक शोध लेखन 'Academic Research Writing' पर अध्यापन ज्ञान केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त किया।

(ख) दिनांक 21–05 जून 2022 को दो साप्ताहिक अंतर–विषय रिफ्रैशर कोर्स "उच्च शोध अधिगम" पर अध्यापन ज्ञान केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त किया।

(ग) वर्ष 2022–23 में हिमाचल विश्वविद्यालय शिमला से वाणिज्य विषय से डॉक्टर ऑफ फिलासफी की मानद उपाधि प्राप्त की।

(घ) दिनांक 30 अक्तूबर से 13 नवम्बर 2022 को वाणिज्य विषय पर दो साप्ताहिक रिफ्रैशर कोर्स अध्यापन ज्ञान केन्द्र रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय से पूर्ण किया।

**डॉ0 इन्द्रजीत सिंह, सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग :**

(क) अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल 'Multidisciplinary Scientific Reviewer' में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भूमिका एवं क्रियान्वयन' रणनीति का प्रकाशन किया।

(ख) 'अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल फॉर रिसर्च ट्रेंडस एण्ड इनोवेशन' हमीरपुर जिला हि0प्र0 में 'पर्यटन के समाधान' विषय पर शोधालेख प्रकाशित किया।

(ग) 'राष्ट्रीय जर्नल वाणिज्य एवं प्रबंधन' में 'कोविड–19 का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था में' विषय आधारित शोधालेख का प्रकाशन किया।

(घ) अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल शोध एवं निष्कर्षण प्रारुप में 'ई–बैंकिंग में ग्राहकों की भूमिका एवं स्वीकृति' का प्रकाशन किया।

(ङ) दिनांक 28 दिसंबर 2022 से 10 जनवरी 2023 तक मुम्बई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

(च) 'मेक इन इंडिया' नामक संपादित पुस्तक में 'डिजीटल तकनीक का प्रभाव–वर्तमान युग में' नामक लेख प्रकाशित किया।

(छ) महर्षि शिक्षण संस्थान, जयपुर द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**रेखा, सहायक आचार्य (जीव विज्ञान) :**

(क) दिनांक 12 सितम्बर, 2022 को जीव–विज्ञान व वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों के साथ मशरूम उत्पादन केन्द्र मकडाहन (ज्वाली) का भ्रमण किया।

(ख) दिनांक 29.09.2022 को जोनल अस्पताल धर्मशाला में एक दिवसीय कार्यशाला जो कि कुपोषण एवम् टीवी रोकथाम पर थी, भाग लिया।

(ग) रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 10–16 अक्तूबर तक 'डिजिटल सिक्योरिटी इन ऑनलाइन क्लासरूम' विषय पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

(घ) अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी – Tourism, Business, Management, Sciences, Social Sciences, Humanities (ICTBSSH-22) में दिनाक 03.12.2022 को 'Diabetes and Impact of Indian Herbs on Diabetes' पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

**सहायक आचार्या (हिन्दी), डॉ. नेहा मिश्रा :**

(क) टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16 जुलाई 2022 से 22 जुलाई 2022 तक Academic Research Writing विषय पर आधारित एक सप्ताह के संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

(ख) टीचिंग लर्निंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज व श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2022 से 05 अगस्त 2022 तक 'Social Sciences and Humanities : An Interdisciplinary Approach in Teaching, Learning and Research विषय पर आधारित द्विसप्ताहिक संकाय संवर्धन कार्यक्रम में भाग लिया।

(ग) एच.आर.डी.सी. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 22 अगस्त

2022 से 03 सितम्बर 2022 तक आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

(घ) इग्नू स्टाफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 9 सितम्बर 2022 से 17 सितम्बर 2022 तक 'Implementation of NEP-2020 for University and College Teachers' विषय पर आयोजित व्यावसायिक विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

(ङ) दिनांक 16–17 अगस्त 2022 को Himalayan Council for Scientific Research द्वारा Culture, Identity and Sustainable Development in Himalaya' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पारिस्थितिक स्त्रीवाद और साहित्य' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(च) यू.जी.सी. केयर लिस्टेड, इंटरनेशनल रजिस्टर्ड पीयर रिव्यूड जर्नल 'सत्राची' जुलाई–सितंबर 2022 ISSN 2348-8425 में 'पारिस्थितिक विमर्श और समकालीन हिंदी कविता' विषयक शोध–पत्र प्रकाशित हुआ।

(छ) एच.आर.डी.सी. डॉ. हरि सिंह गौड़ केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर 2022 से 22 दिसम्बर 2022 तक आयोजित 'Research and Publication Ethics (For Language and Literature) विषयक लघु–अवधि कार्यक्रम (Short Term Course) में भाग लिया।

**सहायक आचार्या, मंजू बाला :**

(क) "सतत कृषि और संबद्ध विज्ञान के लिए वैश्विक अनसंधान पहल–GRISAAS, 21-23 नवम्बर, 2022 में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "हिमालय क्षेत्र में कृषि प्रबंधन" नामक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(ख) सेंट बीड्स महाविद्यालय द्वारा आयोजित "विज्ञान और प्रौद्योगिकी 2022 की नई प्रगति" पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और "हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन और इसके सामाजिक प्रभाव" पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# एन.सी.सी.

महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई के सी0टी0ओ0 डॉ0 शशि कुमार सहायक आचार्य वाणिज्य के नेतृत्व में वर्ष 2022–23 में प्राप्त उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार से है :

1) दिनांक 19–26 जून 2022 को महाविद्यालय की कैडेट मीनाक्षी देवी और शिवानी पठानियां ने ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

2) 21–31 जुलाई 2022 को महाविद्यालय के कैडेट अमित कुमार और जतिन शर्मा ने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कैम्प जो राष्ट्रीय स्तर पर एन.सी.सी. द्वारा करवाया गया से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

3) 31 जुलाई से 16 अगस्त को महाविद्यालय के कैडेट अमित कुमार और जतिन शर्मा ने स्वतन्त्रता दिवस कैम्प दिल्ली में आयोजित किया गया, से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

4) 16 अगस्त 2022 से 1 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय के कैडेट मनीश कुमार, साहिल चौधरी, विवेक सिंह और अभिषेक कौंडल ने आर्मी आटेचमैन्ट कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

5) 19 अगस्त से 1 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय के कैडेट अभिषेक तथा अंजली देवी ने बेसिक लीडरशिप कैम्प में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

6) 7 सितम्बर से 12 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय की कैडेट निधि और पूजा शर्मा ने 'रॉक क्लाइबिंग कैम्प' (Rock Climbing Camp) से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

7) 7 सितम्बर 2022 से 18 सितम्बर 2022 को महाविद्यालय की कैडेट अंजली देवी ने एडवांस्ड लीडरशिप कैम्प (Advanced Leadership Camp) से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

8) 5 नवम्बर से 12 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय की कैडेट सोनाली सलारिया और पूजा देवी ने ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसका आयोजन राजस्थान में हुआ।

9) महाविद्यालय के नियमित योजना (Regular Plan) में शामिल कैडेट ने वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प जिसका आयोजन बनीखेत चम्बा में 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर को हुआ जिसमें महाविद्यालय के 36 कैडेट ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया।

10) महाविद्यालय को बार्डर ऐरिया योजना (Border Area Plan) के अन्तर्गत शामिल

कैडेट ने वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प जिसका आयोजन बनीखेत (चम्बा) में 3 अक्तूबर से 10 अक्तूबर 2022 को हुआ जिसमें महाविद्यालय के 32 कैडेट ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया।

11) 20 जनवरी से 27 जनवरी 2023 को वार्षिक ट्रेनिंग कैम्प का प्रशिक्षण पूरा किया जिसका आयोजन शिमला में दिनांक 20 जनवरी से 27 जनवरी 2023 को हुआ।

12) दिनांक 27 जनवरी से 07 फरवरी 2023 को महाविद्यालय की कैडेट साक्षी भारद्वाज तथा प्रीति मनकोटिया ने पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैम्प (Army Attachment Camp) में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

13) इकाई ने 15 अगस्त 2022 तथा 26 जनवरी 2023 को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में परेड तथा ध्वजारोहण एन.सी.सी. क्रियाओं के अनुरूप किया गया।

14) महाविद्यालय में वर्ष 2022–23 में किये क्रियाकलापों का विधिवत संचालन सीनियर अंडर ऑफिसर (SUO) अमित कुमार अंडर आफिसर (UO) मीनाक्षी देवी व साक्षी भारद्वाज सारजैंट (Sargent) शिवानी पठानिया व अभिषेक के नेतृत्व में किया गया।

15) महाविद्यालय के बी प्रमाण पत्र का आयोजन राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में तथा सी प्रमाण पत्र का आयोजन राजकीय महाविद्यालय मण्डी में हुआ।

**राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां इस प्रकार हैं :**

1) 22 जुलाई 2022 – वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण अभियान किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री अश्विनी अवस्थी जी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में संदेश दिया।

2) 28 जुलाई 2022 – राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने भारत सरकार के हर घर तिरंगा योजना के तहत एक्टिविटी में ऑनलाइन भाग लिया तथा कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण पत्र हासिल किए।

3) 9 अगस्त 2022 – वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी में सुबह 10 बजे से 11 बजे हर घर तिरंगा योजना के अंतर्गत एक प्रभातफेरी का आयोजन कॉलेज परिसर से हरनोटा फाटक तक किया गया।

4) 15 अगस्त 2022 – वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी के राष्ट्रीय सेवा

योजना के विद्यार्थियों ने नेशनल कैडेट कोर के कैडेट के साथ मिलकर परेड में हिस्सा लिया।

5) 24 सितम्बर 2022 – माननीय प्राचार्य डॉ. कामाक्षी लुंबा जी के नेतृत्व में वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की एनएसएस यूनिट I और II ने राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। एनएसएस के स्वयंसेवियों ने नृत्य, गायन, भाषण इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 कामाक्षी जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य एवं महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस मौके पर डॉ. राकेश, डॉ. नीलम इत्यादि भी उपस्थित रहे।

6) 28 सितम्बर 2022 – माननीय प्राचार्य डॉ. कामाक्षी लुंबा जी के नेतृत्व में कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई ने भारत सरकार द्वारा नियोजित पोषण सप्ताह कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता सहायक प्राध्यापक रेखा तपस्वी ने पोषण एवं कुपोषण के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

7) 17 नवंबर 2022 – वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की एन.एस.एस. इकाइयों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान को संचालित किया तथा प्लास्टिक का प्रयोग ना करने के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

8) 31 अक्तूबर 2022 – राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 1 और यूनिट 2 ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपशिखा के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कामाक्षी लुंबा जी ने भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला एवं भारत की आजादी तथा एकीकरण में उनके योगदान की व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिये प्रोत्साहित किया।

9) 26 नवम्बर 2022 – इस दिन वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों ने प्राचार्य डॉ. कामाक्षी लुंबा जी के दिशा निर्देशन में संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया जी ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेदकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महान भूमिका के बारे में छात्रों को अवगत कराया।

10) 1 दिसंबर 2022 – विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों ने महाविद्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर सहायक

प्राध्यापक अनिल तथा डॉ. राकेश कुमार ने एड्स फैलने के कारण, बचाव के उपाय इत्यादि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। प्राचार्य महोदय ने एनएसएस की इकाइयों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

11) 23 दिसंबर 2022 – राष्ट्रीय स्वयं सेवा की इकाइयों ने महाविद्यालय के परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। महाविद्यालय के खेल के मैदान में पड़े हुए कूड़े–कचरे तथा बाकी जगहों से कूड़ा–कचरा व प्लास्टिक एकत्रित किया एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह प्लास्टिक का प्रयोग न करें तथा महाविद्यालय परिसर को सुंदर बनाने में सहयोग करें।

12) दिनांक 26 फरवरी से 4 मार्च 2023 तक महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट ने शिविर का आयोजन किया। यह 7 दिवसीय शिविर महाविद्यालय में ही लगाया गया। शिविर की थीम, 'यूथ फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट', रही।

## रोवर एवं रेंजर

महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में 24 रोवर एवं 24 रेंजर पंजीकृत हुए। महाविद्यालय की रोवर इकाई प्रो. सुधीर नेगी द्वारा संचालित रही और वर्तमान में इसके संचालक प्रो. अनिल कुमार हैं तथा रेंजर इकाई डॉ. नीलम कुमारी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। सत्र 2022–23 में इकाई ने निम्न गतिविधियों में अपनी सक्रियता दिखाई –

1) दिनांक 31 अगस्त से 4 सितंबर 2022 तक पांच दिवसीय निपुण टैस्टिंग कैम्प रिवालसर में इकाई के रोवर दिग्विजय सिंह, मुकेश कुमार, संयम शर्मा व रेंजर अक्षिता कुमारी, साक्षी (बी.ए. तृतीय), हेमलता, मुस्कान व साक्षी (बी.ए. द्वितीय) ने भाग लिया।

2) दिनांक 7 नवम्बर 2022 को महाविद्यालय परिसर में इकाई द्वारा झण्डा दिवस मनाया गया।

3) दिनांक 14 नवम्बर 2022 बाल दिवस के मौके पर इकाई द्वारा स्थानीय एंजल दिव्यांग आश्रम के दिव्यांग बच्चों को कापी, पेन, पेंसिल, फल व मिठाई बांटकर इस दिन को मनाया गया।

4) दिनांक 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक पांच दिवसीय रिवालसर में आयोजित प्री आर डी कैंप (Pre RDC) में रोवर दिग्विजय सिंह, मुकेश कुमार, अक्षित गुलेरिया, हनिश व आरुष तथा रेंजर साक्षी सरुचि, रितिका बड़ियाल, रीता देवी व साक्षी शर्मा ने भाग लिया।

5) दिनांक 26 नवम्बर 2022 को इकाई द्वारा संविधान दिवस समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के राजनीतिक विभाग व एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तथा शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया गया।

6) दिनांक 21 दिसम्बर 2022 से 27 दिसम्बर 2022 तक कर्नाटक राज्य में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक जम्बुरी (International Cultural Jamboree) में रोवर दिग्विज व रेंजर अक्षिता कुमारी ने भाग लिया।

7) दिनांक 17 जनवरी 2023 से 27 जनवरी 2023 तक Republic Day Celebration Camp का आयोजन राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा शिमला में किया गया जिसमें रोवर दिग्विजय सिंह, मुकेश कुमार व अक्षित तथा रेंजर साक्षी, सिमरन, रितिका व स्वाति ने भाग लिया। रोवर अक्षित व रेंजर साक्षी शिमला रिज में हुई गणतंत्र दिवस की परेड में भी सम्मिलित हुए।

8) दिनांक 22 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में रोवर तथा रेंजर इकाई द्वारा विश्व स्काऊट एवं गाईड स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रोवर और रेंजर ने एक–दूसरे के साथ अपने रोवरिंग और रेंजरिंग से जुड़े अनुभव साझा किए तथा कैंपस की सफाई भी की गई।

<u>सर्वश्रेष्ठ रोवर</u>

| नाम | कक्षा |
|---|---|
| 1) मुकेश कुमार | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 2) दिग्विजय सिंह | बीएससी द्वितीय वर्ष |

<u>सर्वश्रेष्ठ रेंजर</u>

| | |
|---|---|
| 1) अक्षिता कुमारी | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| 2) साक्षी | बी.ए. तृतीय वर्ष |

## 'रेड रिबन क्लब' – 2022–23

'रेड रिबन क्लब' भारत सरकार द्वारा संचालित एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य वालन्टियर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर में एच.आई.वी. एड्स जैसी भयंकर बीमारी से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है।

महाविद्यालय देहरी में रेड रिबन क्लब का संचालन रेखा (सहायक आचार्या जीव विज्ञान) व मंजू बाला (सहायक आचार्या अर्थशास्त्र) कर रहे हैं।

1) दिनांक 27 अगस्त 2022 को एचआईवी एड्स पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। ये प्रतियोगिता अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस (12–13 अगस्त) 2022 के एच.आई.वी. रोकथाम अभियान के अन्तर्गत करवाई गई।

2) दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को रेड रिबन क्लब की एक दिवसीय ट्रेनिंग एवम् प्रश्नोत्तरी (Quiz Competition) प्रतियोगिता में आरूष, बीएससी तृतीय वर्ष व अभिनव बी.ए. प्रथम वर्ष ने भाग लिया। यह कार्यक्रम जोनल अस्पताल धर्मशाला में हुआ।

3) रेड रिबन क्लब की संयोजिका रेखा ने 29 सितम्बर 2022 को जोनल अस्पताल धर्मशाला के कुपोषण एवं टी.बी. की रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

4) 2 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर मेकिंग तथा पॉट डिजाईनिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें रेड रिबन क्लब एवम् अन्य वालन्टियर, एनसीसी, रेंजर–रोबर ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया – डॉ. कामाक्षी लुम्बा ने रैली को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया, जिसमें छात्रों ने लोगों को एड्स के प्रति जागरुक किया।

**महाविद्यालय दिव्यांग समिति :**

यह समिति सहायक आचार्या (हिन्दी) डॉ. नेहा मिश्रा और सहायक आचार्य (गणित) श्री अनिल कुमार के निर्देशन में कार्य कर रही है। इसके अन्तर्गत कुल 8 सदस्यों को शामिल किया गया है जो महाविद्यालय में पंजीकृत दिव्यांग विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं प्रोत्साहन के लिए कार्य कर रही है।

सत्र 2022–23 में महाविद्यालय में निम्न दिव्यांग विद्यार्थियों के सहयोग हेतु समिति कार्य कर रही है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | मोहित कन्दोरिया | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 2101HS011 |
| 2) | रोहित कतनोरिया | बी.ए. प्रथम वर्ष | 22HIN005 |
| 3) | सिमरन कौर | बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 22BCMO038 |

मोहित कन्दोरिया व रोहित कतनोरिया द्वारा दिव्यांग छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा चुका है।

दिनांक 3 दिसम्बर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित तहसील कल्याण

अधिकारी श्री अनूप सिंह ने दिव्यांगजनों से सम्बन्धित अधिनियमों, नीतियों, छात्रवृत्ति व पेंशन योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी से विद्यार्थियों व उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया।

**ऊर्जा क्लब**

राजकीय महाविद्यालय देहरी में ऊर्जा क्लब डॉ. सीमा एवं प्रो. राहुल के निर्देशन में कार्य कर रहा है। दिनांक 28.02.2023 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय देहरी के ऊर्जा क्लब द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस पर भाषण प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ELC):**

राजकीय महाविद्यालय देहरी में सत्र 2022–23 में निर्णायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशानुसार इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ELC) बनाया गया। महाविद्यालय स्तर के नोडल अधिकारी (Nodal Officer) के रूप में डॉ. नीलम कुमारी को नियुक्त किया गया तथा विभिन्न विभागों के छात्र व छात्राएं इस क्लब के सदस्य हैं। कॉलेज स्तर पर ELC का मुख्य उद्देश्य छात्र व छात्राओं को मतदान के प्रति जागरुक करना है। इसी क्रम में कॉलेज स्तर पर निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई ताकि कॉलेज के सभी छात्र–छात्राएं चुनाव आयोग द्वारा पंजीकृत हो जाएं व सशक्त मतदाता बनें।

1) दिनांक 15 अगस्त 2022 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव विभाग हिमाचल प्रदेश के volume 'My Vote Matters' के लिए डॉ. नीलम कुमारी द्वारा एक आर्टिकल 'Significance of voting' तथा छात्र गौरव पराशर द्वारा voting के उपर एक कविता भेजी गई।

2) 20 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में छात्रों को वोट का महत्व बताने तथा मतदान के प्रति जागरुक करने के संदर्भ में पोस्टर मेकिंग (Poster Making) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

3) 27 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में छात्रों को चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें वक्ता के रूप में स्वयं डॉ. नीलम कुमारी द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया तथा चुनाव प्रणाली किस प्रकार काम करती है उसके प्रति जागरुक किया गया।

4) दिनांक 30 अगस्त 2022 को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र एसडीएम (SDM) फतेहपुर श्री विश्रुत भारती जी द्वारा महाविद्यालय में छात्रों को संबोधित किया गया तथा चुनावों और मतदान का महत्व बताकर जागरुक किया गया।

5) दिनांक 10 सितंबर 2022 को महाविद्यालय में मतदान की महत्वता को जानने हेतू भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए।

6) दिनांक 11 अक्तूबर 2022 को चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का संचालन किया गया जिसमें महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

**Road Safety Club रोड सेफटी क्लब :**

समन्वयक – प्रो. शिवाल, प्रो. भवनिका।

1) दिनांक 3-10-2022 – पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
   प्रथम स्थान : किरन – बी.कॉम II वर्ष
   द्वितीय स्थान : शिवांशु – बी.कॉम III वर्ष
   तृतीय स्थान : गौरव – बी.ए. III वर्ष
2) दिनांक 3-10-2022 – रैली का आयोजन किया गया।
3) दिनांक 5-10-2022 – भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें –
   प्रथम : प्रीति – बी.कॉम II वर्ष
   द्वितीय : काजल – बी.कॉम II वर्ष
   तृतीय : वृंदा – बी.कॉम I वर्ष
4) दिनांक 25-11-2022 – सलोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें
   प्रथम : श्वेता कटोच – बी.ए. II वर्ष
   द्वितीय : सिमरन – बी.कॉम I वर्ष
   तृतीय : अंकिता शर्मा – बी.कॉम I वर्ष
5) दिनांक 17-12-2022 – नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।
6) दिनांक 6-2-2023 – निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
7) दिनांक 7-3-2023 – ASI फतेहपुर द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया।
8) सभी प्रतिभागियों को डायरी, कैलेन्डर एवं Certficate दिए गए।

## सी.एस.सी.ए.

पदाधिकारी – कॉलेज छात्र केन्द्रीय संघ (सी.एस.सी.ए.) 2022–23

| पद | नाम | कक्षा | रोल नम्बर |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | नेहा देवी | एम.ए. / एम.एस.सी. गणित तृतीय सेमेस्टर | 2105006 |
| उपाध्यक्ष | अंशिका | बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 2003CM036 |
| महासचिव | उदय प्रताप सिंह पठानिया | बी.ए. द्वितीय वर्ष | 2101GE003 |
| संयुक्त सचिव | स्वाति | बी.एस.सी. प्रथम वर्ष | 22BSM036 |

16. **वार्षिक पत्रिका हिमिका :**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की मौलिकता एवं सृजनात्मकता को रूपाकार देने में महाविद्यालयी पत्रिका हिमिका का महत्त्वपूर्ण योगदान है।

वर्तमान में इस पत्रिका के प्रधान संपादक प्रो. राकेश कुमार, सह–आचार्य (वनस्पति विज्ञान) हैं।

अपनी संरचना में यह पत्रिका विभिन्न प्रभागों हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, मिडिया, फोटोग्राफी, संस्कृत, प्लानिंग फोरम, पहाड़ी में विभाजित है। इन प्रभागों से संबंधित श्रेष्ठ व मौलिक विषय सामग्री के संपादन हेतु शिक्षक संपादक व विद्यार्थी संपादक नियुक्त किए गए हैं, जिनका विवरण इस प्रकार से है :

**मुख्य संपादक: डॉ. राकेश कुमार**

| **विभाग** | **(शिक्षक संपादक)** | **(छात्र / छात्रा संपादक)** |
|---|---|---|
| अंग्रेजी | श्री मनजीत सिंह | साक्षी भारद्वाज, बी.ए. तृतीय वर्ष |
| विज्ञान | श्रीमती सुमनलता | अंजली देवी, बी.एस.सी तृतीय वर्ष |
| हिन्दी | डॉ. नेहा मिश्रा | जागृति शर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष |
| प्लानिंग फोरम | श्री इन्द्रजीत सिंह | अंशिका, बी.कॉम. तृतीय वर्ष |
| पहाड़ी | कुमारी रेखा | आस्था शर्मा, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष |
| पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं फोटोग्राफी | श्री सुधीर | महक, बी.ए. तृतीय वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| संस्कृत | श्री विपन कुमार | मनु बाला, बी.ए. द्वितीय वर्ष |

## अभिभावक शिक्षक संघ (पी.टी.ए.)

वजीर राम सिंह महाविद्यालय देहरी सत्र 2022–23 कार्यकारिणी का गठन किया गया। अभिभावक अध्यापक संघ राजकीय महाविद्यालय देहरी की कार्यकारिणी निम्नलिखित है :

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | – | डॉ. कामाक्षी लुम्बा |
| प्रधान | – | श्री हरजीत सिंह |
| उप–प्रधान | – | श्री प्रदीप कंदौरिया |
| सचिव | – | डॉ. इन्द्रजीत सिंह |
| संयुक्त सचिव | – | श्री मोहिन्द्र सिंह |
| सदस्य | – | डॉ. शशि कुमार, प्रो. मंजू बाला |
| अभिभावक सदस्य | – | सुनीता देवी |
| कोषाध्यक्ष | – | रंजना देवी |
| मुख्य सलाहकार | – | डॉ. राकेश कुमार |

इस संघ के माध्यम से 2 अध्यापक व .......... अन्य कर्मचारी महाविद्यालय में कार्यरत हैं। वर्तमान में अभिभावक अध्यापक फंड में जमा राशि का विवरण इस प्रकार है :

**सत्र के आरम्भ में :**

पी.टी.ए. में जमा राशि – 7,17,416

इस वर्ष नई जमा राशि– 13,96,830

पी.टी.ए. कर्मचारियों के वेतन पर खर्च की गई राशि – 17,40,278

31.03.2022 तक शेष राशि = 3,73,968

पी.टी.ए. धनराशि का प्रयोग केवल पी.टी.ए. कर्मचारियों के वेतन पर ही खर्च किया जाता है। इसके अलावा इस धनराशि का प्रयोग किसी भी अन्य काम के लिये नहीं किया जाता।

**पुस्तकालय एवं वाचनालय :**

पुस्तकालय एवं वाचनालय किसी भी शिक्षण संस्थान का मूल स्तंभ है। श्रीमती शिशना कुमारी (सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष) महाविद्यालय में पुस्तकालय से संबंधित विविध कार्यों की

देखरेख करती हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिये महाविद्यालय के पुस्तकालय में कुल 11,015 विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध हैं। वाचनालय में विद्यार्थियों के लिये पाँच दैनिक समाचार पत्र एवम् दो पत्रिकाएँ नियमित रूप से उपलब्ध हैं।

**महिला एवं शिकायत प्रकोष्ठ :**

समिति सरकारी आदेशानुसार महाविद्यालय में महिला शिकायत निवारण समिति कार्यरत है, जिसकी समन्वयक डॉ. दीपशिखा हैं। यह समिति समय–समय पर महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा संबंधी विषयों पर विचार विमर्श करती रहती है।

**प्राथमिक चिकित्सा :**

महाविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा समिति की समन्वयक सहायक आचार्य रेखा एवं सहायक आचार्य मंजू बाला हैं।

**व्यावसायिक निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ :**

राजकीय महाविद्यालय देहरी की 'व्यावसायिक निर्देशन और परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2022–23 में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

1. दिनांक 29 अगस्त 2022 को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर 'खेल में रोजगार के अवसर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

2. दिनांक 22 नवम्बर 2022 को IBT संस्थान जसूर के माध्यम से 'करियर काउंसलिंग' विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

3. दिनांक 17 फरवरी 2023 को रायत वाहरा संस्थान, होशियारपुर के माध्यम से 'रोजगार के अवसर' विषय पर संगोष्ठी (व्याख्यान) का आयोजन किया गया।

**रैगिंग निरोधी समिति :**

भारतीय सर्वोच्च न्यायालय तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में सत्र 2022–23 हेतु रैगिंग विरोधी समिति का गठन किया गया, जिसके समन्वयक सह आचार्य मनजीत सिंह हैं। समिति द्वारा रैगिंग विरोधी निर्देशों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करवाई गई तथा सत्र के दौरान कोई भी रैगिंग संबंधी मामला समिति के संज्ञान में नहीं आया है और ना ही विद्यार्थियों द्वारा रैगिंग संबंधी शिकायत दर्ज की गई।

**जेंडर चैम्पियन क्लब :**

देहरी कॉलेज में जेंडर चैम्पियन क्लब समन्वयक प्रो. मंजू बाला हैं व सदस्य प्रो. रेखा हैं।

**इको क्लब :**

महाविद्यालय में इको क्लब के समन्वयक, सहायक आचार्या सुमन कुमारी हैं।

**परिसर सौंदर्यीकरण समिति :**

राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व रोवर रेंजर इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में बनी क्यारियों को सँवारा गया।

**नशा मुक्त भारत अभियान :**

नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के नोडल अधिकारी जीव विज्ञान की सहायक आचार्या रेखा है। इस अभियान के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम करवाये गए।

1) 14 नवम्बर, 2022 को 'नशा मुक्ति' पर निबन्ध (Essay) लेखन प्रतियोगिता करवाई गई।

2) दिनांक 15 नवम्बर 2022 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई जिसका विषय 'नशा निवारण' था।

3) दिनांक 21.02.2023 को सभी शिक्षकों एवम् विद्यार्थियों ने हिमाचल को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

4) दिनांक 21.02.2023 को जीव विज्ञान एवम् वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा अन्य छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

**EEE कोर्स :**

English Employability and Entrepreneurship कोर्स सत्र 2022–23 से सभी अन्तिम वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए प्रारम्भ किया गया है। हिमाचल प्रदेश में यह कोर्स हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा महाविद्यालयों के सहयोग से इसी सत्र में शुरू किया गया है। यह 155 घण्टों का निःशुल्क सर्टिफिकेट कोर्स है जिसमें पुस्तकें भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। यह कोर्स एक योग्यता आधारित ढांचा है जिसमें ज्ञान, कौशल एवं योग्यता के स्तरों की एक श्रृंखला के अनुसार सभी योग्यताओं का समावेश किया जाता है। वजीर राम सिंह

राजकीय महाविद्यालय देहरी, कांगड़ा के लिए 90 सीटें दी गई हैं तथा इसमें 80 छात्राएं एवं 10 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस कोर्स से विद्यार्थियों में रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशलों का विकास होगा। EEE कार्यक्रम के समन्वयक सहायक आचार्य मनजीत सिंह (अंग्रेजी विभाग) हैं तथा व्याख्याता श्रीमती अनुराधा बाली हैं।

**छात्रावास :**

वर्तमान में महाविद्यालय छात्रावास में 05 छात्र रह रहे हैं।

**एस.सी.एस.टी. प्रकोष्ठ :**

महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियो के विशिष्ठ प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गई है। इसमें विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तैयारी कराने के साथ–2 विशिष्ट विषय संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु शिक्षण कार्य किया जाता है। इस प्रकोष्ठ का कार्य सहायक आचार्य (इतिहास) अनिल कुमार के संरक्षण में सुचारू रूप से चल रहा है। विद्यार्थियों के लिए इसमें एक पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

**उपलब्धियाँ :**

क) 25 किलो वाट के दो सोलर पावर प्लांट महाविद्यालय में लगवाए जा रहे हैं।

ख) विज्ञान विभाग की छत की मरम्मत के लिए हिमुडा को धनराशि रूसा फंड से प्रदान की गई और इसका कार्य पूरा हो गया है।

ग) Sports Complex की धरातल तल का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।

घ) महाविद्यालय में 20 सोलर लाइटे रूसा फंड के अन्तर्गत लगाई गई।

**अपेक्षाएं व योजनायें :**

क) Sports Complex के प्रथम तल पर सम्मेलन हॉल का निर्माण करना।

ख) खेल मैदान में सिंथेटिक ट्रैक बनाने का प्रयास एवं समुचित रख–रखाव का प्रयास करना।

ग) परिसर पर अधिक सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाना।

घ) प्राचार्य, आचार्यों व कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों हेतु निर्माण कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवाया जाए।

ङ) M.Com. और M.A. इतिहास की कक्षाएं महाविद्यालय में जल्द शुरू करवाई जाएं।

च) प्रशासनिक ब्लॉक के निर्माण कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत करवाई जाए।

धन्यवाद ज्ञापन

मैं सभा में उपस्थित सभी विशिष्ट गणमान्य अतिथियों का जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल एवं सिंचाई आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की आभारी हूं जो यथा समय हमारी सहायता को सदैव तत्पर रहे हैं।

मैं जन संचार के माध्यम मीडिया की भी विशेष आभारी हूं, जिन्होंने हमारी उपलब्धियों एवं समस्याओं को जनता, प्रशासन, शिक्षा विभाग व जनमानस तक पहुंचाया।


मैं पीटीए सदस्यों का भी धन्यवाद करती हूं कि जिन्होंने अपने योगदान से महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान की है।

अंत में, मैं माननीय मुख्यातिथि महोदय का महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद करती हूं कि आपने अपनी व्यस्तताओं से समय निकाल कर समारोह में सम्मिलित होकर हमारे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

जय हिंद।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय देहरी



स्वतंत्रता सेनानी वीर शिरोमणि वजीर राम सिंह पठानिया